INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

2/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–नोटिस/2021–22 दिनांक 09 अक्तूबर, 2021

## नोटिस

आन्तरिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) के समस्त सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि प्रकोष्ठ की प्रथम साप्ताहिक बैठक के लिए आज दिनांक 09 अक्तूबर, 2021, शनिवार को अपराह्न 03:00 बजें आई0क्यू0ए0सी0 कक्ष में उपस्थित होने का कष्ट करें ताकि भविष्य की रूपरेखा बनाकर कार्यप्रारम्भ किया जा सके। बैठक के एजेण्डा बिन्दु संलग्न हैं।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 शैलेन्द्र सिंह
5. डा0 दीप्ति मैठाणी

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

2/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–ऐजेण्डा बिन्दु/2021–22 दिनांक 09 अक्तूबर, 2021

## ऐजेण्डा बिन्दु

1. गत बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।
2. किस प्रकार कार्य प्रारम्भ किया जाए, कैसे आगे बढाया जाए, किस किस सदस्य को क्या भूमिका एवं दायित्व सौंपे जाएं, समिति से इतर अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं अन्य की क्या भूमिका हो सकती है, के विषय में चर्चा।
3. अगली बैठक से पूर्व प्रकोष्ठ की प्रक्रियाओं का निर्धारण, बैठक के ऐजेण्डा बिन्दुओं का चयन, वीकली टारगेट्स का निर्धारण के सम्बन्ध में चर्चा।
4. यथावश्यकता किसी सदस्य द्वारा सुझाए गए किसी अन्य प्रासंगिक बिन्दु पर चर्चा।

09.10.2021
संयोजक

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

**आई0क्यू0ए0सी0 बैठक दिनांक 09 अक्तूबर, 2021, अपरान्ह 03:00 बजे की उपस्थिति**

| क्र.स. | नाम | उपस्थिति |
|---|---|---|
| 1 | डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी | उपस्थित |
| 2 | डा0 पियूष पटेल | उपस्थित |
| 3 | डा0 शनव्वर | उपस्थित |
| 4 | डा0 शैलेन्द्र सिंह | उपस्थित |
| 5 | डा0 दीप्ति मैठाणी | उपस्थित |

NO PHOTO TAKEN

PHOTOGRAPH OF IQAC MEETING DATED 09.10.2021 SATURDAY AT 03:00 PM

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

2/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–कार्यवृत्त/2021–22 दिनांक 09 अक्तूबर, 2021

# महाविद्यालय आई0क्यू0ए0सी0 की बैठक दिनांक 09 अक्तूबर, 2021, (शनिवार, अपरान्ह 03:00 बजे) का कार्यवृत्त

उपस्थित सदस्यण आई0क्यू0ए0सी0:–

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 शैलेन्द्र सिंह
5. डा0 दीप्ति मैठाणी

आज दिनांक 09 अक्तूबर, 2021, शनिवार को अपरान्ह 03:00 बजे श्री बाबू कलीराम राकेश राजकीय महाविद्यालय चुड़ियाला, भगवानपुर में स्थित आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) कक्ष में अपराह्न 03:00 बजे से प्राचार्य महोदय के अनुमोदन से प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ संयोजक डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् चर्चा की गई–

**एजेण्डा बिन्दु 1:–** *गत बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।*

गत बैठक के सर्वसम्मति से पारित कार्यवृत्त पर चर्चा में उसके विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं के अनुपालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। समिति के सदस्यों की अपेक्षानुसार प्राचार्य महोदय से समिति की विभिन्न श्रेणियों में सदस्यों के नामकरण हेतु अनुरोध किया गया है। समिति की बैठक अभी साप्ताहिक न रखकर न्यूनतम पाक्षिक अथवा आवश्यकतानुसार रखने पर भी सहमति हुई है। नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया एवं प्रकोष्ठ के के दायित्वों एवं कार्यकलापों के सम्बन्ध में इन्टरनेट पर नैक की आधिकारिक वेबसाईट से महत्वपूर्ण जानकारी का किसी भी सदस्य द्वारा अध्ययन न किए जा सकने पर खेद व्यक्त करते हुए निर्णय लिया गया कि उक्त जानकारी/सूचनाओं एवं भविष्य में अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए प्रकोष्ठ का एक व्हाट्सएप्प ग्रुप एवं एक ईमेल आईडी बनाई जाए एवं सदस्यों को इन्टरनेट से डाउनलोडेड सुसंगत सूचनाएं उनके माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं। **(कार्यवाही– प्राचार्य/समस्त सदस्यगण/संयोजक प्रकोष्ठ)**

**एजेण्डा बिन्दु 2:–** *किस प्रकार कार्य प्रारम्भ किया जाए, कैसे आगे बढाया जाए, किस किस सदस्य को क्या भूमिका एवं दायित्व सौंपे जाएं, समिति से इतर अन्य प्राध्यापकगण , कर्मचारीगण एवं अन्य की क्या भूमिका हो सकती है, के विषय में चर्चा।*

ऐजेण्डा बिन्दु 2 के अन्तर्गत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त बिन्दु संख्या 1 के अनुरूप सर्वप्रथम नैक प्रत्यायन प्रक्रिया के अध्ययन के लिए

प्रकोष्ठ का एक व्हाट्सएप्प ग्रुप एवं एक ईमेल आईडी बनाई जाए एवं सदस्यों को इन्टरनेट से डाउनलोडेड सुसंगत सूचनाएं उनके माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार उच्चादेशों द्वारा निर्धारित महाविद्यालय के कार्यकारी घण्टों (वर्किंग आवर्स) में से शिक्षण/कार्यालय कार्य आदि के उपरान्त भी बचे हुए बहुमूल्य समय का सदुपयोग समस्त महाविद्यालय कार्मिक महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन सम्बन्धी कार्यों में करने हेतु अपने अध्ययन के अनुरूप कार्ययोजना बनाने एवं उक्त कार्ययोजना तथा उसके अनुरूप किए गए कार्यों का विवरण नैक समिति/आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (आईक्यूएसी) को प्रस्तुत करने का कष्ट करें। कार्मिकों की सुविधा के लिए यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्य हेतु विज्ञान संकाय हेतु डा0 पियूष पटेल, कला संकाय हेतु डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, कार्यालयादि हेतु डा0 शनव्वर एवं पुस्तकालयादि हेतु डा0 दीप्ति मैठाणी संयोजक होंगे। तत्पश्चात आगामी बैठकों में कार्यविभाजन कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। **(कार्यवाही– समस्त सदस्यगण)**

**एजेण्डा बिन्दु 3:–***अगली बैठक से पूर्व प्रकोष्ठ की प्रक्रियाओं का निर्धारण, बैठक के ऐजेण्डा बिन्दुओं का चयन, वीकली टारगेट्स का निर्धारण के सम्बन्ध में चर्चा।*

इस बिन्दु पर वर्तमान बैठक में विस्तृत विचार रखना सम्भव नहीं। उपयुक्त समय पर इस सम्बन्ध में कार्यवाही की जाएगी।

**एजेण्डा बिन्दु 4:–***यथावश्यकता किसी सदस्य द्वारा सुझाए गए किसी अन्य प्रासंगिक बिन्दु पर चर्चा।*

उपस्थित समस्त सदस्यगण द्वारा महाविद्यालय में सूचनाओं के रखरखाव की वर्तमान स्थिति में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। इस सम्बन्ध में जब वांछित सूचना प्राप्त करने में वास्तविक कठिनाईयां सामने आएं तभी तद्नुरूप सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत करने पर सहमति हुई।

इस प्रकार आई0क्यू0ए0सी0 समिति की बैठक सम्पन्न हुई। संयोजक द्वारा समस्त उपस्थित सदस्यगण का उनके बहुमूल्य सुझावों हेतु धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, रा0म0वि0 चुड़ियाला, भगवानपुर हरिद्वार महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ।
2. समस्त सदस्यगण।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0